हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन ज्योत जंवारा का विसर्जन...



14 भाजपा का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक ...



## खबर संक्षेप

### पाठक ट्रेडर्स के संचालक ने की मारपीट

**भिलाई।** पाठक ट्रेडर्स के संचालक ने आटो चालक के साथ जमकर मारपीट कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 115 (2), 285, 296, 324 (4), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि क्वा नं 129 केम्प 2 टाटा लाईन जलेबी चौक निवासी हीरालाल लोकहरे आटो चलाता है। अपनी सवारी आटो सीजी 07 एवी 4138 से छावनी चौक होते हुए पावर हाउस जा रहा था। इस दौरान नंदनी रोड में शारदा माता की शोभा यात्रा के कारण एक तरफ का रोड जाम था। सभी लोगो के साथ विपरीत दिशा के रोड से निकल रहे थे। इसे देख पीड़ित भी आटो से पावर हाउस जाने के लिए करूणा अस्पताल के पास नंदनी रोड से निकला। तभी पाठक ट्रेडर्स के संचालक हेमंत पाठक द्वारा सामने सड़क पर रेती फैला कर रखा था। कार क्रमांक सीजी 07 सीवी 2711 को असुरक्षित रूप से ट्रैफिक को प्रभावित करते हुए सड़क पर खडा किया था। तभी पीड़ित की आटो रेती से फिसलकर उसकी कार से टकरा गई। जिसे देख हेमंत पाठक ने दुकान से निकलकर गाली गलौज करना शुरु कर दिया। फिर हेमंत पाठक धक्का मुक्की देकर हीराला के साथ जमकर मारपीट कर दिया। घटना में पीड़ित के सिर, चेहरे व घुटने मे चोट आई है। हेमंत पाठक ने रेती के बेलचा से पीड़ित की आटो में जमकर तोड़फोड़ की।

### चोरी की बाइक के साथ दो युवक धरे गए

**भिलाई।** वाहन चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लियाहै। डीएसपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर पैनी नजर रखी जा रही थी। इस दौरान पाटन पुल उतई के पास दो संदेही सफेद रंग की एक्टिवा वाहन में जाते दिखे। उन्हें रोककर वाहन के कागजात को लेकर पूछताछ की गई। लेकिन उनके पास से कोई भी कागजात नहीं मिले। टीम ने सशक्त ऐप का उपयोग करते हुए वाहन के इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर एप्प में सर्च किया। जिससे पता चला कि उक्त वाहन चोरी का है जिसका चोरी का अपराध दुर्ग कोतवाली थाने में दर्ज है। युवकों से पूछताछ करने पर अपना नाम बम्हनीभाठा,थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव निवासी हिमालय राज तिवारी 33 वर्ष और बीडी कालोनी, उरला दुर्ग रवि रामटेके 40 वर्ष है। आरोपियों ने वाहन को चोरी करने की बात स्वीकार की।

### भूखंड में कब्जा कर मारपीट, केस दर्ज

**भिलाई।** भूखंड में कब्जा कर मारपीट गाली गलौज करने वाले तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने 115 (2),296, 3(5),351 (2 के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि एम जी नगर, जनता मार्केट पावर हाउस केम्प 2 निवासी संतोष गोयल का उनका खुद का गोयल सेल्स की शॉप है। राजस्व निगम द्वारा मानन उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेश से सस्ता मार्केट के सामने भिलाई में भूखण्ड 3, 04, 05 को सीमांकन कर कब्जा दिलाया। जहां गडढा खुदवाकर चिन्ह लगाया जा रहा था। जिस पर निर्माण कार्य किया जा रहा था। इस दौरान 4 अप्रैल की सुबह पीड़ित ने भूखण्ड को जाकर देखा। तब उमा शंकर वैश्य, अशोक ऊर्फ राजमन सेन, नारायण सेन द्वारा तीनो भूखण्ड में टीना का घेरा लगाकर कब्जा किया था। जिसे भूखण्ड पर अपना कब्जा होने का उच्च न्यायालय बिलासपुर का आदेश भी दिखाया। मगर उक्त लोगों ने भूखंड तक खाली नही किया, बल्कि तीनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमगी दी। पीड़ित के गाल, कमर, दाहिने पैर चोट आई है।

**अव्यवस्था :** जिला मुख्यालय में करोड़ों के कार्यों के बीच यातायात जवानों के लिए सिर छुपाने की व्यवस्था नहीं

# तेज धूप, गर्म हवा व गर्मी में चौराहे पर बिना सुविधा ड्यूटी दे रहे जवान, विभाग बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय में हर साल करोड़ों रुपए के विकास कार्य एवं निर्माण कार्य का लोकार्पण किए जा रहे हैं। लेकिन इन विकास व निर्माण कार्यों में ऐसा कार्य अब तक शामिल नहीं किया गया है, जो चिलचिलाती धूप एवं बारिश में अपनी सेवाएं देने वाले यातायात के जवानों को राहत दे सके।

मुख्यालय के सबसे व्यस्ततम मार्ग एवं नेशनल हाईवे स्थित पुराना बस स्टैंड चौक जहां यातायात को कंट्रोल करने के लिए शहर का एकमात्र सिग्नल तिराहा है। चौक पर ड्यूटी में तैनात पुलिस यातायात के जवानों के लिए छाया की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे चिलचिलाती धूप व बारिश में भी अपनी ड्यूटी करने मजबूर हैं।

यह बताना लाजिमी होगा कि नगर के चौराहों के अलावा मुख्य रूप से पुराना बस स्टैंड चौक में यातायात व्यवस्था के लिहाज से सुबह से ही पुलिस विभाग के यातायात जवानों को तैनात कर दिया जाता है, जो देर रात तक अपनी सेवाएं देते हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इनके लिए ऐसा कोई सुविधाजनक निर्धारित स्थान नहीं है, जहां वे मौसम की मार से अपना बचाव कर सकें। ड्यूटी पर तैनात जवानों को अपने निर्धारित पॉइंट को छोड़कर मौसम की मार से बचने यहां-वहां सिर छुपाना पड़ता है। इसका प्रभाव यातायात व्यवस्था पर तो पड़ता ही है साथ ही जवानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्या का सामना जवानों को इन दिनों करना पड़ रहा है। उन्हें भीषण गर्मी में ड्यूटी करते देखा जा सकता है। भरी दुपहरी में जब हम और आप अपने घरों में कूलर ,पंखा की हवा में सुकून से नहीं रह पा रहे हैं, तब यह जवान चौक में गर्म हवा के थपेड़ों की मार और चिलचिलाती धूप से झूलसते हुए अपनी ड्यूटी कर रहे हैं और कभी किसी पेड़ की छांव में तो कभी किसी दुकान के टीन शेड के नीचे सुकून तलाश रहे हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन नगर के प्रमुख चौक में इन जवानों के लिए छायादार स्थान की व्यवस्था करें।



### बीते वर्ष चक्कर खाकर गिरने के बाद हो गई थी जवान की मौत

बीते वर्ष गर्मी के दिनों में ही नेशनल हाईवे ग्राम बसनी के पास ड्यूटी के दौरान अचानक चक्कर खाकर गिरने से एक जवान की मौत हो गई थी। लेकिन, इस अति महत्वपूर्ण व्यवस्था के प्रति न तो नगर पालिका प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है और ना ही पुलिस प्रशासन इस पर गंभीरता दिखा रहा है। नतीजतन जवानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**स्वास्थ्य पर पड़ सकता है भारी-** प्रशासन अपने जवानों के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित हो या ना हो लेकिन यह सच है कि, इस समय पड़ने वाली भीषण गर्मी और उस पर दिनभर सड़क से उड़ने वाली धूल तथा वाहनों से निकलने वाले विषैले धुएं का बीच चौराहे पर खड़े होकर ड्यूटी बजाने वाले जवान के स्वास्थ्य पर इसका घातक प्रभाव पड़ सकता है। जानकारों के मुताबिक ऐसे मौसम में लू लगने, शरीर में पानी की कमी होने, बुखार आने, हाथ पैर में दर्द होने की शिकायत हो सकती है। इसके अलावा धूल तथा धुएं से दमा, खांसी, आंखों में जलन आदि की समस्या हो सकती है। नगर पालिका या पुलिस विभाग के लिए आवश्यक है कि वे यातायात विभाग के जवानों का सेहत तथा सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें चौराहों पर सुरक्षित स्थान मुहैया आवश्यक रूप से कराएं।

## भीषण गर्मी ने बढ़ाई समस्या, 40 डिग्री तक पहुंचा तापमान

**बेमेतरा।** मौसम में जारी उतार-चढ़ाव के बीच अब गर्मी ने कहर बरपाना अब शुरू कर दिया है। उधर पहले से आमजन जल संकट से हलाकान होकर पानी के लिए भटक रहे हैं और इधर गर्मी भी अब तेवर दिखाने लगने लगी है। अप्रैल का दूसरा सप्ताह शुरू होने के साथ ही तापमान में अचानक बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। उत्तर से आ रही शुष्क हवाओं के चलते अंचल का अधिकतम पारा बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंच गया है। अप्रैल के अंतिम दिनों तक इसके 45 के करीब पहुंचने की संभावना है। दिन के अलावा रात का तापमान भी अधिक हो रहा है। बता दें के रात का तापमान 27 डिग्री के करीब पहुंच गया है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तर पश्चिमी और पश्चिमी शुष्क हवाओं के कारण कई स्थानों पर अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी का अनुमान है। अभी अप्रैल का पूरा महीना बाकी है और मई जैसी हालत हो गई है। हालत यह है कि 40 पर पहुंचा पारा लोगों को झुलसाने लगा है। लोग सड़कों पर उतरने से पहले चेहरे को ढक लेते हैं। इसके साथ ही गर्मी की वजह से लगने वाली प्यास से बचने के लिए साथ में पानी की बोतल भी लिए चल रहे हैं



बेमेतरा में लगातार बढ़ते पारा के साथ लोग मौसमी बीमारी की चपेट में भी लोग आ रहे है। जिस तरह से गर्मी में बढ़ोतरी हुई है उससे कहा जा सकता है कि सामान्य से पांच डिग्री अधिक पारा पड़ रहा है।

इधर बढ़ते तापमान का आलम यह है लोगों के दिनचर्य में बाधा उत्पन्न हो रही है मुंह को ढक कर लोगों को अपने कार्य करने पड़ रहे हैं। इसके साथ ही स्कूलों व शासकीय कार्यालय में कार्यरत कर्मी भी बेहाल हो हो रहे हैं क्योंकि कई स्कूलों व शासकीय कार्यालय में पंखे के छोड़ अन्य कोई साधन गर्मी से छुटकारा पाने के लिए उपलब्ध नहीं है, पंखे भी चालू करते हैं तो गर्म हवाओं के थपेड़े पढ़ते हैं।

**ठंडा व आइसक्रीम की डिमांड बढ़ी-** इधर गर्मी के बढ़ते ही ठंडे पेय जल के साथ ही आइसक्रीम की डिमांड में भी इजाफा हो गया है। शहर के चौराहों पर लगे गन्ने रस के ठेलों पर दिनभर भीड़ देखी जा सकती है। हालांकि महंगाई का असर भी आइसक्रीम के साथ-साथ शीतल पेयजल के दामों में देखने को मिलता है। लगभग कंपनी ने अपनी आइसक्रीम के दाम 20 से 30 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। वहीं, गन्ना रस के साथ ही लस्सी व नीबू पानी के दामों में भी 5 से 10 का इजाफा कर दिया गया है।

## सुशासन तिहार के तहत आज से 11 तक लिए जाएंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 की तैयारियाँ शुरू कर दी गई है। सुशासन तिहार तीन चरणों में मनाया जाना है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल 2025 तक लोगों से उनकी समस्याओं, मांगों व शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाएँगे। आवेदक चाहे तो समाधान पेटी में भी आवेदन डाल सकते हैं। इसके लिए जिला कार्यालय सहित जिले के सभी नगरीय निकाय व विकासखंड मुख्यालयों पर समाधान पेटी रखी जा रही है। आवेदक समस्याओं, मांगों व शिकायतों से संबंधित आवेदन पेटी में डाल सकते हैं। जिला कार्यालय, बेमेतरा में आवेदन प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी गयी है। कलेक्टर कार्यालय, बेमेतरा में सुनील कुमार घाटे, सहायक ग्रेड-02 विक्रम देवांगन, सहायक ग्रेड-03 और हनी कश्यप, सहायक ग्रेड-03, आवेदकों से आवेदन प्राप्त लेंगे। आवेदनकर्ता 8 से 11 अप्रैल 2025 तक जिला कार्यालय सहित ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय कार्यालयों में प्रातः 10 छत्तीसगढ़ बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन दे सकते हैं।

## पंचायत सचिवों ने जिला मुख्यालय में निकाली महारैली, प्रधानमंत्री मोदी के नाम सौंपा ज्ञापन

**शासकीयकरण की एकसूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अपनी एक सूत्रीय मांग पर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे पंचायत सचिवों ने जिला मुख्यालय पर महारैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली के दौरान प्रदेश सरकार से मोदी की गारंटी पूरी करो के नारे लगाते रहे। गौरतलब हो कि पंचायत सचिवों शासकीयकरण किए जाने की मांग पर विगत 17 मार्च से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर है। सोमवार जिले के पंचायत सचिव हाथों में मांग की पट्टी लिए रैली निकालकर शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए तहसील कार्यालय स्थित धरना स्थल पर पहुंच कर प्रधानमंत्री के नाम पर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान चारों ब्लॉक के संघ के सदस्य मौजूद रहे।



सचिव संघ ने रैली के पश्चात कहा कि चुनाव के दौरान वर्तमान भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी का घोषणा पत्र जारी किया गया था जिसमें प्रदेश के पंचायत सचिव को सरकार बनने पर शासकीयकरण किया जाएगा। इन्हीं बातों को याद दिलाने पंचायत सचिव संघ आंदोलन कर रहे हैं। सचिव संघ यह भी कहा कि जितने भी मंत्री विधायक है। जिन्होंने पंचायत सचिवों के आंदोलन में आकर समर्थन दिए थे। शासन प्रशासन को पत्र जारी किया गया था जो आज तक अमल नहीं हुआ। इसी कारण प्रदेश स्तरीय सचिव संघ द्वारा बीते 17 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रही है निर्णय लिए गए क्रम के अनुसार सोमवार 07 अप्रैल को प्रदेश के 33 जिला मुख्यालय मे रैली निकाल कर कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टियां निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के सफल संचालन के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का समयबद्ध निराकरण करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा जिले में विकास कार्यों को गति प्रदान करना है। उक्त अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की अवकाश स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। केवल अति आवश्यक एवं आपातकालीन छुट्टियों को इससे बाहर रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अधोहस्ताक्षरकर्ता की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे तथा अपने निर्धारित स्थान पर उपस्थित रहकर शासकीय दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपेक्षा की है कि वे सुशासन तिहार 2025 को एक जनोन्मुखी, प्रभावी एवं परिणामोन्मुख अभियान बनाने में अपनी सक्रिय ▶▶| शेष पेज 13 पर

- सुशासन तिहार 2025 के सफल संचालन के लिए प्रशासन ने लिया निर्णय

**राम नवमी पर श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमानजी और राधा-कृष्ण का किया गया विशेष श्रृंगार**

## राधा कृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मना श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया

राधा कृष्ण जमात मंदिर में रामनवमी पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महंत बसंत बिहारी दास वैष्णव की अगुवाई में रामनवमी उत्सव "वैष्णवी राम जन्मोत्सव" के रूप में भव्य रूप से मनाया गया। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता, पवनसुत हनुमान और राधा-कृष्ण की विशेष साज-सज्जा कर नवीन पोशाकों में मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

पूजन-अर्चन के पश्चात विधिवत आरती, ब्राह्मण भोज एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर राधा कृष्ण मानस मंडली के कलाकारों द्वारा भजन एवं बधाई गीतों की सजीव प्रस्तुति दी गई, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। भेंटवार्ता के दौरान महंत बसंत बिहारी दास वैष्णव ने बताया कि रामनवमी बसंत ऋतु का एक प्रमुख हिंदू पर्व है, जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्रीराम के जन्म की स्मृति में मनाया जाता है। यह पर्व बसंत नवरात्रि के समापन का प्रतीक होता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार प्रभु श्रीराम का जन्म त्रेतायुग में चैत्र शुक्ल नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र एवं कर्क लग्न में हुआ था। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रीरामलला के दर्शन कर धर्मलाभ लिया एवं भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की। मंदिर प्रांगण में दिनभर धार्मिक उल्लास और भक्तिभाव की छटा बिखरी रही।





### ग्राम सुरहोली में राम नवमी पर हनुमान चालीसा का किया पाठ

**बेरला।** ब्लॉक बेरला अंतर्गत ग्राम सुरहोली में शीतला मंदिर प्रांगण हनुमान मंदिर में राम नवमी का पर्व श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राम जी की पूजा अर्चना कर गांव में सुख शांति एवं समृद्धि की कामना की गई। वहीं, हनुमान चालीसा का सात बार पाठ किया गया। इस अवसर पर संजय शर्मा, शेखचंद साहू, प्रहलाद वर्मा, रज्जू वर्मा, सूरज साहू, धनंजय साहू, राकीराज वर्मा, सूरज साहू, धनीराम वर्मा, हितेश पाटिल, मनोज चौहान, राजकुमार वर्मा, शोमकांत वर्मा, नरोत्तम साहू, आशा राम पाटिल, राहुल वर्मा, गगन वर्मा, धनेश्वरी वर्मा, हिना वर्मा, तामेश्वरी वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय परिसर में लगा रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बृजेन्द्र कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन पर सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर बेमेतरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता सहित कर्मचारियों ने आपातकालीन जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए रक्तदान किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. भूपेन्द्र मस्तुरिया चिकित्सा अधिकारी, दीपांजली डेनियल स्टॉफ नर्स, भूपेन्द्र कुर्रे एमएलटी, ▶▶| शेष पेज 13 पर

- विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर किया गया आयोजन

